दिनांक 04.09.2023 बाराबंकी, थाना- फतेहपुर में तीन मंजिला मकान गिरने की घटना, एसडीआरएफ टीमों द्वारा फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन।

बिल्डिंग के मलबे में अभी भी जिंदगिया दबने की आशंका, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। हादसे के बाद सुबह करीब 5 बजे एनडीआरएफ और एसडीआरएफ पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन करीब 8 घण्टे से जारी है। बताया जा रहा है, कि बिल्डिंग के मलबे में एक लोग अभी भी फंसे हुए हैं। हादसे से कस्बे में बनाई गई मानक विहीन बिल्डिंगों को लेकर नगर पंचायत प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि फतेहपुर कस्बे हाशिम नाम के शख्स जो इलेक्ट्रिशियन के थोक डीलर हैं। इसके साथ ही ये बड़े पैमाने पर बैट्री की सप्लाई का काम करते थे। इनका मकान कस्बे में 3 प्लस बिल्डिंग जो ऊपर के फ्लोर पर (टीन शेड का कमरा नुमा बनाया था और नीचे ग्राउंड फ्लोर में इलेक्ट्रीशियन से संबंधित कार्य सारा कार्य होता था। जांच में ये बात समाने आई है कि रविवार की रात बैट्रियां चार्जिग में लगाई गई थी। बैट्री के धमाके से बिल्डिंग धराशाई हुई। बहरहाल घटना स्थल पर पुलिस व एनडीआरएफ एसडीआरएफ का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है अन्य पहलुओं पर भी जांच हो रही है। वही जानकारी के बाद मौके पर उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद डॉ.पीएल पुनिया, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप, पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा,पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, रामनगर विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई, जिलाधिकारी, सीडीओ, अपर जिलाधिकारी, एसडीम फतेहपुर पवन कुमार, एसडीएम रामनगर अनुराग सिंह, फतेहपुर सर्किल ऑफिसर रघुवीर सिंह, फतेहपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह, बदोसराय थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह सहित जिले भर का प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।फतेहपुर के व्यापार मंडल अध्यक्ष रवींद्र वर्मा के आवाहन पर फतेहपुर की लगभग सभी दुकानें बंद रही।